## एक नजर में

### रामेश्वर ने हिंदुओं से 3 बच्चे करने की अपील की

भोपाल,6 जनवरी. हुजूर विधानसभा से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने हिंदुओं से तीन बच्चे करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि तीन बच्चे होना अपराध नहीं है और देश को बढ़ते जनसंख्या संकट से बचाने के लिए यह जरूरी है. उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि कुछ परिवार पांच से अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं, जिससे समाज और देश पर असर पड़ रहा है. विधायक का यह बयान उस समय आया जब यह माना जा रहा था कि कैबिनेट बैठक में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों की अनिवार्यता को खत्म करने का प्रस्ताव आ सकता है. हालांकि, बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ. उन्होंने यह भी कहा कि आजकल युवा शादी देर से कर रहे हैं और कई परिवारों में बच्चों की संख्या कम हो रही है. रामेश्वर शर्मा का मानना है कि तीन बच्चों का परिवार बनाए रखना समाज और देश दोनों के लिए फायदेमंद होगा और यह हिंदुओं की सामाजिक जिम्मेदारी भी है.

# 17 हजार करोड़ से बनेंगी ग्रामीण सड़कें

## कैबिनेट में लिया फैसला, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना वर्ष 2031 तक जारी रहेगी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 जनवरी. प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना के तहत अगले पांच वर्ष में 17196 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे. इस दौरान प्रदेश में 20 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी. इनमें 12 सौ से अधिक पुल भी शामिल है.**




कैबिनेट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना को अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक बरकरार रखने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. इसी के साथ अगले पांच वर्ष में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने का रास्ता साफ हो गया है. इसी क्रम में इसी योजना के तहत सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन के काम को भी इस अवधि तक बरकरार रखा जाएगा, जिसे मंजूरी दे दी गई है. इस पर 10 हजार 196 करोड़ 42 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है, वहीं योजना में 88 हजार 517 किमी सड़कों का नवीनीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा. इसी तरह कैबिनेट ने ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के तहत संचालित पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान यानी पीएम जनमन योजना को भी एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक निरंतर बनाये रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत बैगा, भारिया, सहरिया बहुल 22 जिलों में 1,039 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा, साथ ही 112 पुल भी बनाए जाएंगे.

### बुरहानपुर : सिंचाई परियोजनाओं को हरी झंडी

कैबिनेट ने बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील की झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना लागत 922 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है. परियोजना से 42 ग्रामों की 17 हजार 700 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी, जिससे 11 हजार 800 कृषक परिवार लाभांवित होंगे. इसी तरह नेपानगर तहसील की नावथा वृहद सिंचाई परियोजना को भी हरी झंडी दी गई है. इस परियोजना की लागत 1,676 करोड़ 6 लाख रुपये है. इस परियोजना से खकनार तहसील के 90 ग्रामों की 34 हजार 100 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी और 22 हजार 600 कृषक परिवारों को लाभ मिलना अनुमानित है।

### एनवीडीए की परियोजनाएं कंपनी के दायरे में

कैबिनेट ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत सिंचाई परियोजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन के लिए नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषित करने की मंजूरी दी है. स्वीकृति अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई वे परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय व्यवस्था कर पूर्ण कराया जा रहा हैं. उसका सम्पूर्ण स्वामित्व नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड का होगा. इन परियोजनाओं में राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान के माध्यम से व्यय की गई राशि के समतुल्य अंश पूजी कंपनी द्वारा राज्य शासन को जारी किए जाएंगे.



# धमकाने वाले बमबाज भाइयों समेत चार गिरफ्तार

- चुंगी चौकी में दो बार हुई बमबाजी, सात आरोपी बने

**जबलपुर, 6 जनवरी. घमापुर थाना चुंगी चौकी में बमबाजी करने वाले कांग्रेस पार्षद के दो भाइयों और दो गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया. जिन्हें मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है.**

चुंगी चौकी में रविवार और सोमवार की रात्रि बमबाजी हुई थी जिसमें दो एफआईआर दर्ज हुई है जिसमें सात आरोपी बने है. पुलिस ने बताया कि नीलम थदानी 27 वर्ष निवासी भगवान टेंट हाउस चुंगी चौकी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रविवार को उसका भाई जय थदानी दुकान बंद कर रहा था उसी समय हर्ष ठाकुर, यश ठाकुर उसके भाई को रोड़ में गाली गलोज करते हुये निकले, उसके भाई ने गाली देने से मना किया तो यश ठाकुर, हर्ष ठाकुर, भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर गाली गलौज करते हुये बोले कि आज बच न पाये तभी यश ठाकुर ने पत्थर से मारा जो उसकी छोटी बहन जेसमीन थदानी को लगा, सभी लोग ईंट पत्थर मारने लगे, यश ठाकुर ने बम फैंका जो उसकी दुकान के सामने गिर कर फूट गया अन्य सभी लोगों ने पत्थरबाजी की जिससे घर की खिड़की एवं दरवाजे के कांच टूट गये, उसके पिता महेश थदानी आये तो उनके साथ भी झूमाझपटी की.

पुलिस ने कांग्रेस पार्षद जीतू ठाकुर के भाई भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर समेत यश ठाकुर, हर्ष ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है. जबकि समर्थ सिंह ठाकुर, ऋषभ वर्मा, अभि फरार है जिनकी तलाश जारी है. पुलिस जब आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले गई तो बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच गए थे इसके बाद जब उन्हें कोर्ट मं पेश किया तो इस दौरान भी आरोपियों के समर्थकों की बड़ी संख्या में भीड़ पहुंची थी जो ओमती थाने और कोर्ट के बाहर खड़ी हुई थी.

# अब फ्रीगंज ओवरब्रिज के नीचे नगर निगम करेगा पाइपलाइन शिफ्ट

- शार्ट कट वाली सड़क को करना पड़ेगा बन्द
- रेलवे का काम पूरा, अब पीएचई की बारी
- छह माह की देरी के बाद खाली होगी साइट

नवभारत न्यूज

उज्जैन. फ्रीगंज ओवरब्रिज के समीप बनाए जा रहे नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है. रेलवे ने अपने हिस्से का काम पूरा करते हुए फुटओवर ब्रिज को पूरी तरह हटा दिया है. अब सेतु विकास निगम द्वारा शेष पेंडिंग कार्यों के लिए फाइल आगे बढ़ा दी गई है और नगर निगम को ब्रिज के नीचे से गुजर रही पाइपलाइन शिफ्ट करने का कार्य करना है. नवभारत से चर्चा में सेतु विकास निगम के कार्यपालन यंत्री पीएस पंत ने बताया कि आज या कल में फ्रीगंज ओवरब्रिज के नीचे की सड़क को बंद कर दिया जाएगा. यह सड़क स्टडी होम और डॉक्टर भोरास्कर के पास से होते हुए सेतु विकास निगम कार्यालय की ओर जाती है. सड़क बंद होने के बाद यहां बड़े-बड़े पिलरों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. हालांकि फिलहाल नगर निगम द्वारा पाइपलाइन शिफ्ट करने का कार्य शेष है.



**निर्माण के स्थान को खाली करना जरूरी**-यंत्री ने बताया कि साइट रिक्त न होने के कारण लगभग छह माह से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था. यदि नगर निगम समय पर पाइपलाइन शिफ्ट कर देता है तो ब्रिज निर्माण में तेजी आ जाएगी. रेलवे द्वारा फुटओवर ब्रिज हटाए जाने के बाद अब नगर निगम को अपने हिस्से का कार्य पूरा करना है. इसके लिए सभी संबंधित विभागों को सूचित किया जा चुका है कि जहां-जहां ब्रिज निर्माण होना है, वहां की साइट को शीघ्र खाली किया जाए. सेतु विकास निगम कर रहा राशि जमा-गौरतलब है कि रेलवे को सेतु विकास निगम द्वारा राशि जमा किए जाने के करीब छह माह बाद फुटओवर ब्रिज हटाया गया. इसी तरह अब नगर निगम को भी राशि जमा कर दी गई है और पीएचई की लाइनों को हटाने के लिए बार-बार पत्राचार और आगाह किया जा रहा है.

### पीएचई के चैंबर और पाइपलाइन

सेतु विकास निगम ने बताया कि इस क्षेत्र में पीएचई के चेंबर मौजूद हैं, जहां से जलप्रदाय की प्रक्रिया संचालित होती है. इन चेंबरों को शिफ्ट किया जाना आवश्यक है. इसके अलावा जमीन के अंदर दबी हुई कई केबल भी हटाई जाएंगी. इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद ही ब्रिज निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ सकेगा.

### निगम आयुक्त बोले... जल्द करेंगे पाइपलाइन शिफ्ट

इधर, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने चर्चा में बताया कि निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं. पीएचई के कर्मचारी जल्द ही पाइपलाइन शिफ्ट करने का कार्य शुरू करेंगे. उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आम जनता को जलप्रदाय करना भी नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए जल आपूर्ति बाधित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है.

**जलापूर्ति बाधित न हो**-जैसे-जैसे जलप्रदाय की स्थिति अनुकूल होगी, वैसे-वैसे पाइपलाइन शिफ्ट की जाएगी. सिंहस्थ के कार्य, ब्रिज निर्माण और नियमित जलप्रदाय- तीनों के बीच समन्वय बनाकर चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है. जल आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं.



# प्रदेश में शीतलहर का कहर कई जिलों में घना कोहरा

### तापमान सामान्य से काफी नीचे आया


**भोपाल, 6 जनवरी. मध्यप्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है. प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह होते ही कोहरे की मोटी चादर छा जा रही है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई है.**

कई इलाकों में 20 मीटर दूर तक देख पाना भी मुश्किल हो रहा है. न्यूनतम तापमान कई स्थानों पर 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है. कम विजिबिलिटी के कारण सड़क और रेल यातायात पर भी असर देखने को मिल रहा है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा, लेकिन ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. मौसम विभाग के अनुसार गिरवर (शाजापुर), कल्याणपुर (शहडोल), सिवनी, मंदसौर और सीहोर जिलों में शीतलहर का प्रभाव दर्ज किया गया है. वहीं भोपाल और राजगढ़ जिलों में तीव्र शीतलहर की स्थिति बनी हुई है. भोपाल, विदिशा, सीहोर और नरसिंहपुर जिलों में शीतल दिन रहा, जबकि गिरवर (शाजापुर) में तीव्र शीतल दिन दर्ज किया गया. तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 24 घंटों में भोपाल और उज्जैन संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान में 2.4 से 2.8 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि इंदौर, चंबल, रीवा और सागर संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 से 3.6 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है.

# डीजीपी को 'हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड'

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 जनवरी. मध्यप्रदेश पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और संवेदनशील पुलिसिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा को 'प्रथम हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड' से सम्मानित किया गया.**



हाल ही में हैदराबाद स्थित कान्हा शांतिवनम में हार्टफुलनेस संस्था की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में यह पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी. मंगलवार को भोपाल स्थित राज्य पुलिस मुख्यालय में हार्टफुलनेस संस्था की प्रतिनिधि एवं आईजी श्रीमती रुचिवर्धन ने डीजीपी मकवाणा को यह सम्मान संस्था की ओर से प्रदान किया. डीजीपी मकवाणा के नेतृत्व में राज्य पुलिस ने यह दृष्टिकोण अपनाया कि प्रभावी पुलिसिंग की नींव केवल कानून प्रवर्तन ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, भावनात्मक स्थिरता व संवेदनशील व्यवहार पर आधारित होती है. इसी सोच के तहत वर्ष 2022 से मध्यप्रदेश पुलिस में हार्टफुलनेस मेडिटेशन को व्यवस्थित रूप से अपनाया गया, जिसे फरवरी 2025 में हार्टफुलनेस संस्था के साथ हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ किया गया. इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में नवआरक्षकों को नियमित ध्यान अभ्यास कराया जा रहा है.

# नगर पंचायत उपाध्यक्ष के घर पर फायरिंग

**दमोह, 6 जनवरी.** नगर पंचायत दबोह के उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी के घर पर बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलाए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है.

घटना में चली गोली उनके घर के मुख्य दरवाजे में जाकर लगी, वहीं मौके से खाली कारतूस (खोखा) भी मिलने की बात कही जा रही है. नगर पंचायत उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने इस संबंध में दबोह थाना पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है. आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि इस घटना से उनकी जान को खतरा है और पूरे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है.

घटना को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है. उन्होंने कहा कि इस समय नगर में अराजकता का माहौल बन रहा है, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है. उन्होंने पुलिस से तत्काल घटना का संज्ञान लेने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. साथ ही भिंड पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है.


**International Institute for Population Sciences**
(Deemed to be University)
Under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India
Govandi Station Road, Deonar, Mumbai 400 088
Website: https://www.iipsindia.ac.in

**ADMISSION ANNOUNCEMENT FOR THE ACADEMIC YEAR 2026–2027 THROUGH CUET-PG**

This is to inform all prospective candidates that the admission process for the Academic Year 2026–2027 will be conducted through the **Common University Entrance Test for Postgraduate Programmes (CUET-PG).** All the candidates who wish to apply for the following postgraduate programmes at IIPS are required to appear for the **CUET-PG** exam:

1. **Master of Arts / Science in Population Studies**
2. **Master of Science in Biostatistics and Demography**
3. **Master of Science in Survey Research and Data Analytics**

The Institute provides a **Government of India fellowship of Rs. 5,000/- per month and hostel accommodation to** all the students admitted to these programmes.

For detailed information on the CUET process, programmes offered, eligibility criteria, and to submit your application, please click the link given below: **https://exams.nta.nic.in/cuet-pg/**

Director & Senior Professor (Additional Charge)


# सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में फरार इनामी तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सीधी, 6 जनवरी.** सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में 20 हजार रुपये के फरार इनामी तीसरे आरोपी नीलेश रजक को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया. ऑपरेशन ट्रैप के अंतर्गत भौतिक एवं तकनीकी दक्षता से यह निर्णायक कामयाबी मिली. सामूहिक दुष्कर्म के जघन्य प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि 20 हजार रुपये का इनामी तीसरा आरोपी नीलेश रजक लंबे समय से फरार चल रहा था. उक्त फरार आरोपी नीलेश रजक को सीधी पुलिस द्वारा भोपाल से गिरफ्तार कर लिया गया है.

यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सीधी के सशक्त निर्देशन में निरंतर प्रयासशीलता, उन्नत तकनीकी विश्लेषण एवं बौद्धिक दक्षता का प्रत्यक्ष परिणाम है. आरोपी नीलेश रजक की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई संभावित स्थानों पर पुलिस द्वारा दबिश दी गई थी, किंतु आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को गुमराह करता रहा. हाल ही में प्राप्त तकनीकी एवं खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी के भोपाल में होने की पुष्टि हुई. सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम नें आरोपी को भोपाल के सघन बस्ती से गिरफ्तार कर लिया.

**आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा**-सीधी पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेती है. ऐसे जघन्य अपराधों में लिप्त आरोपियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. यह गिरफ्तारी हमारी पुलिस टीम की सतर्कता, तकनीकी दक्षता एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है. सीधी पुलिस सामूहिक दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है.

- **संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक**


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 007/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 06.01.2026

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र/सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 007/2026_STDC_473671_1/होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरीटेज उज्जैन के विस्तारीकरण के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 12 माह)। | 790.00 |
| 2. | 008/2026_STDC_473673_1/ एम.पी.टी. टेम्पल व्यू ओंकारेश्वर जिला खण्डवा के उन्नयन के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 09 माह)। | 255.32 |
| 3. | 004/2026_STDC_473659_1/होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरीटेज उज्जैन के नवीन भवन के विद्युतीकरण, एयर कंडीशनिंग एवं ई.एल.व्ही. के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 12 माह)। | 226.00 |
| 4. | 005/2026_STDC_473661_1/नर्मदा रिसोर्ट महेश्वर जिला खरगौन में निर्माणाधीन कॉटेज, रूम, रेस्टोरेंट एवं रिसेप्शन एरिया हेतु बाहरी विद्युतीकरण, ई.एल.व्ही एवं एयर कंडीशनिंग का कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 10 माह)। | 141.15 |
| 5. | 006/2026_STDC_473663_1/ओंकारेश्वर जिला खण्डवा स्थित परिक्रमा पथ हेतु सोलर लाइटिंग का कार्य। (13 माह)। | 70.20 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 28.01.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 08.01.2026 से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/123851/2026 **कार्यपालन यंत्री**


न्याय यात्रा | कांग्रेस की राऊ में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# जल त्रासदी पर कांग्रेस ने सरकार पर लगाए आरोप



**विशेष संवाददाता**

**इंदौर, 6 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मंगलवार को राऊ विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की.**

बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा 11 जनवरी को इंदौर में प्रस्तावित 'न्याय यात्रा' की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया. बैठक में एआईसीसी की राष्ट्रीय सचिव उषा नायडू, इंदौर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इंदौर में दूषित पानी पीने से प्रभावित परिवारों से मिलने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस का आरोप है कि मोहन यादव सरकार ने भारी पुलिस बल तैनात कर और बैरिकेडिंग कर उन्हें पीड़ितों से मिलने से रोक दिया. इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने वैकल्पिक माध्यमों से पीड़ित परिवारों से संवाद किया और उनके दर्द को वीडियो के माध्यम से सार्वजनिक किया.

### जल त्रासदी के विरोध में प्रदेशव्यापी कैंडल मार्च

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी से 17 लोगों की मौत के विरोध में बुधवार को पूरे प्रदेश में एक साथ कैंडल मार्च निकाला जाएगा. सभी शहरों में यह मार्च शाम 5.30 बजे शुरू होगा. इंदौर में कैंडल मार्च रीगल चौराहा पर आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाएं मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देंगी.

# वित्तीय वर्ष के नौ माह में 4.75 लाख मामले पकड़े

भोपाल, 6 जनवरी. पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में टिकट जांच अभियान के माध्यम से बड़ी उपलब्धि हासिल की है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में चलाए गए सघन टिकट जांच अभियानों के तहत अप्रैल से दिसंबर 2025 तक कुल 4.75 लाख मामलों को पकड़ा गया. इन अभियानों से अतिरिक्त किराया और जुर्माने के रूप में मंडल को 30 करोड़ 48 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. रेलवे द्वारा यह अभियान यात्री गाड़ियों और स्टेशनों पर समय-समय पर चलाया गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा करने, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60